दैनिक जागरण 09/02/2025

जीएमएन कालेज में पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन 11 को

जागरण संवाददाता● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी द्वारा आगामी 11 फरवरी को सुबह नौ बजे से कालेज के मैनेजमेंट एवं टेक्नोलाजी ब्लाक में बहुत ही बड़े स्तर पर पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है।

पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा निर्देशन में किया जा रहा है।

प्रचार्य ने बताया इस ड्राइव का उद्देश्य अंबाला के शिक्षित युवा वर्ग को रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करना है। इस ड्राइव में जस्ट डायल, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, थिंक नेक्स्ट, एसबीआइ लाइफ, इंडो वेस्ट, स्टीफेन टेक्नोलाजी एवं एक्सीलेंस टेक्नोलाजी आ रही हैं। ड्राइव में भाग लेने के लिए 2024-25 और 2023-24 सत्र के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पास सभी विद्यार्थी योग्य हैं। इस पूल कैंपस ड्राइव में जीएमएन ही नहीं बल्कि अन्य कालेज के विद्यार्थी भी भाग ले सकते हैं।